**संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम)** : (क) और (ख) उत्तर प्रदेश के जिन क्षेत्रों में टेलीफोन सलाहकार समितियां गठित की गई हैं उनके नाम निम्नलिखित हैं :--

(1) उत्तर प्रदेश दूरसंचार सर्किल

(2) आगरा दूरसंचार जिला

(3) इलाहाबाद दूरसंचार जिला

(4) गाजियाबाद दूरसंचार जिला

(5) कानपुर दूरसंचार जिला

(6) लखनऊ दूरसंचार जिला

(7) मेरठ दूरसंचार जिला

(8) वाराणसी दूरसंचार जिला

टेलीफोन सलाहकार समिति के पात्र सभी क्षेत्रों को शामिल किया है ।

(ग) और (घ) संचार राज्य मंत्री के कार्यालय में विभिन्न स्थानीय निकायों और जनता से अभ्यावेदन प्राप्त हुए थे । मुख्य महाप्रबंधक, उत्तर प्रदेश सर्किल से प्राप्त शिफारिशों सहित उक्त अभ्यावेदनों पर इन दूरसंचार सलाहकार समितियों का गठन करते समय विचार किया गया था ।

**उत्तर प्रदेश में टेलीफोन डायरेक्टरी के प्रकाशन में विलम्ब**

46. **चौधरी हरमोहन सिंह** : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उत्तर प्रदेश में टेलीफोन डायरेक्टरी का प्रकाशन ठेकेदारों की चूक और निविदाओं के निपटान में विलम्ब के कारण समय पर नहीं हो पाया है ;

(ख) यदि हां, तो सरकार ने पिछले तीन वर्षों के दौरान किन-किन ठेकेदारों के खिलाफ क्या-क्या कार्यवाही की है ; और

(ग) निविदा का निपटान शीघ्रता से न किए जाने के क्या कारण हैं ?

**संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम)** : (क) ठेकेदार की ओर से हुई चूक के कारण उत्तर प्रदेश की अनेक डिवीजनों में डायरेक्टरी का प्रकाशन समय पर नहीं हुआ । निविदाओं के निपटान में विलंब का कोई मामला नहीं है ।

(ख) सूचना संलग्न विवरण में दी गई है । [नीचे देखें]

(ग) उपर भाग (क) में उल्लिखित उत्तर के अनुसार ।

**विवरण**

अनुबंध "क"

| क्रम सं० | क्षेत्र | ठेकेदार का नाम | की गई कार्रवाई |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1. | लखनऊ | मै० एबीग्राई ओवरसीज लि० नई दिल्ली | प्रतिभूति जमा का समपहरण कर लिया गया। |
| 2. | वाराणसी | मै० एच० पी० येलो पेजेस, वाराणसी | प्रतिभूति जमा का समयहरण कर लिया गया। |
| 3. | पूर्वी क्षेत्र वाराणसी | मै० विजय प्रिंटर वाराणसी | प्रतिभूति जमा का समयहरण करने संबंधी कार्यवाहियां शुरू की गई। |

| 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|
| 4. | इलाहाबाद | मै० पायनियर प्रेस, लखनऊ | ठेकेदार को अंतिम नोटिस जारी किया गया। |
| 5. | कानपुर | मै० पायनियर प्रेस, लखनऊ | प्रिंटर को अंतिम नोटिस जारी किया गया और अधिक विलंब का परिहार के लिए मुद्रक की छपाई की अनुमति दी गई। जुर्माना बिलों के अंतिम भुगतान के समय ही लगाया जाएगा। |

**New complex of Videsh Sanchar Nigam at Calcutta**

47. SHRI SUNIL BASU RAY:
SHRI SUKOMAL SEN:

Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether Videsh Sanchar Nigam has decided to set up a new complex at Calcutta;

(b) whether Government of West Bengal has already allotted land for such a complex;

(c) if so, whether any time schedule for the completion of the project has been drawn; and

(d) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI SUKH RAM): (a) and (b) Yes, Sir.

(c) and (d) A building for housing the technical facilities of Videsh Sanchar Nigam Limited in Calcutta is planned to be constructed by the end of 1995.

**महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड में समूह "क", "ख" और "ग" पदों में असंगत वृद्धि**

48. **चौधरी हरमोहन सिंह :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड में 1986 से 1992 की अवधि के दौरान समूह "ग" के पदों में समूह "क" और "ख" पदों के अनुपात में वृद्धि नहीं की गयी है ;

(ख) उपर्युक्त अवधि के दौरान विभिन्न समूहों के पदों में किस अनुपात में वृद्धि की गयी है ; और

(ग) समूह "ग" में अन्य समूहों के पदों में की गयी वृद्धि की तुलना में कम वृद्धि किए जाने के क्या कारण हैं ?

**संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम)** : (क) जी हां।

(ख) 1986 से 1992 की अवधि के दौरान विभिन्न समूहों के पदों में की गई अनुपातिक वृद्धि इस प्रकार है :—

| समूह | 1.4.86 को | 1.4.92 को | 1.4.86 के संदर्भ में अनुपात का प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| क | 375 | 716 | 90.93 |
| ख | 1017 | 2124 | 108.85 |
| ग | 35059 | 39672 | 13.16 |

(ग) (एक) महानगर टेलीफोन निगम लि० में 1986 में क्रमशः 7.122 लाख इलेक्ट्रो-मेकेनिकल लाइनें तथा 1.67